

प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया


# लोक प्रेरणा

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

लोहारू से प्रकाशित

RNI No.HARHIN/2022/90426 वर्ष : 03, अंक: 336 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 2.00 सोमवार, 12 मई 2025 lokparerna@gmail.com +91-9255149495


## पोप लियो ने की यूक्रेन और गाजा में शांति की अपील, मदर्स डे पर दी शुभकामनाएं

**वेटिकन सिटी/लोक प्रेरणा**

पोप लियो चौदहवें ने रविवार को अपने साप्ताहिक संबोधन के दौरान यूक्रेन और गाजा में शांति की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया और दुनिया भर की माताओं को मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वेटिकन में सेंट पीटर्स स्क्वॉयर में हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पोप ने कहा, "इस समय जब दुनिया कई संघर्षों से जूझ रही है, हमें प्रार्थना, सहानुभूति और कार्यवाही की आवश्यकता है।" उन्होंने खासतौर पर यूक्रेन और गाजा पट्टी का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के लोगों को अत्यधिक पीड़ा और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, और अंतरराष्ट्री समुदाय को चाहिए कि वह संवाद और करुणा के मार्ग को अपनाए। पोप लियो चौदहवें ने अपने संदेश में यह भी कहा, "मैं दुनिया भर के नेताओं से अपील करता हूं कि वे अपने राजनीतिक और व्यक्तिगत मतभेदों को दरकिनार करके मानवता की भलाई के लिए काम करें। शांति कोई कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी ताकत होती है।" इस अवसर पर उन्होंने मदर्स डे पर विशेष संदेश देते हुए कहा, "मां जीवन की जननी होती है, और उनकी भूमिका इस दुनिया में ईश्वर की करुणा का सबसे जीवंत उदाहरण है। मैं हर मां को उनके प्रेम, बलिदान और देखभाल के लिए धन्यवाद देता हूं।"

## मलेरकोटला से पकड़े गए दो पाकिस्तानी जासूस

**चंडीगढ़/लोक प्रेरणा**

पंजाब पुलिस ने राज्य के मलेरकोटला से दो पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया है। इन पर पाकिस्तानी उच्च आयोग के कार्यालय के एक अधिकारी को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां मुहैया करवाने का आरोप है। इसके बदले में उन्हें ऑनलाइन पेमेंट मिलती थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर मलेरकोटला से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में अपने दूसरे सहयोगी के बारे में बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके उनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनसे पूछताछ करके पता लगाया जा रहा है कि वह कब से गोपनीय जानकारियां लीक करने का काम कर रहे थे।

# जवान देश की शान हैं: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

## सीएम धामी ने बनबसा की 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का दौरा किया

**चंपावत/लोक प्रेरणा**

रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बनबसा की 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों एवं जवानों से भेंट कर सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने जवानों के साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि हमारी सीमाएं जवानों की सतर्कता और समर्पण से अभेद हैं। उन्होंने जोर दिया कि भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बनाए रखना न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए बल्कि राष्ट्रीय हित के लिए अत्यंत आवश्यक है। राज्य सरकार, केंद्र सरकार और सुरक्षा एजेंसियां मिलकर समन्वय में कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने सीमा चौकियों की अवस्थापना, संचार एवं गश्त की व्यवस्था, और जवानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और सुधार के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीमावर्ती गांवों को "प्रथम गांव" कहे जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गांव देश की सीमाओं और संस्कृति की पहली पहचान हैं। इन गांवों की रक्षा में लगे जवानों के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। सीमा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने जवानों से



बातचीत कर उनकी समस्याएं और अनुभव भी सुने। उन्होंने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण बताया और कहा कि भारत की सेना ने इस हमले का मुँहतोड़ जवाब दिया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्र की एकता और नागरिकों की देशभक्ति को सबसे बड़ी ताकत बताया। इस अवसर पर डीआईजी एसएसबी अमित शर्मा, जिलाधिकारी चंपावत नवनीत पांडे, जिलाधिकारी उधम सिंह नगर नितिन भदोरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे

## नैनीताल में अच्छी संख्या में सैलानियों के साथ पटरी पर लौटता दिखा पर्यटन

**नैनीताल/लोक प्रेरणा**

सरोवरनगरी में गत 30 मई को एक 12 वर्षीय बालिका के साथ हुई अमानवीय घटना के सामने आने और इसके बाद हुई कुछ अप्रिय घटनाओं तथा इधर भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव व ऑपरेशन सिंदूर के बाद नगर में पर्यटन बड़े स्तर पर प्रभावित हुआ। इधर सोमवार को बुध पूर्णिमा के अवकाश के साथ मिले लंबे सप्ताहांत पर शनिवार को नगर में भारी बारिश के साथ फिर पर्यटन प्रभावित हुआ, किंतु रविवार को नगर में अच्छी संख्या में सैलानी नगर के प्राकृतिक सौंदर्य तथा नगर के प्रमुख आकर्षण नैनी झील में नौकायन तथा केबल कार की सवारी का आनंद लेते भी दिखायी दिये। इसके साथ नगर के मल्लीताल में पंत पार्क के पास नगर पालिका द्वारा स्थापित फड़ों पर भी अच्छी रौनक देखी गयी। इसके साथ नगर में पर्यटन वापस पटरी पर लौटता नजर आया।

## प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर खिर्सू पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र



**पौड़ी गढ़वाल/लोक प्रेरणा**

जिला मुख्यायल पौड़ी से करीब 25 किमी दूर खिर्सू का प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर बने होम स्टे पर्यटकों को खूब भाते हैं। खिर्सू से करीब तीन किमी दूरी पर ग्वाड़ निवासी युवा सुरेश रावत को होम स्टे है। उनके होम स्टे में पर्यटक ठहरने के लिए आते हैं और होमस्टे के कमरों को घुघुती, बुरांश, गेंदा, गुलाब नाम रखा है। सुरेश रावत ने पांच साल पहले खुद के संसाधनों से होम स्टे बनाया। सात कमरों के होम स्टेट से वह करीब हर माह एक लाख रूपए तक कमा लेते है। वे बताते है कि इससे पहले टूर एंड ट्रैवल्स का कार्य करते थे, लेकिन उसमें नुकसान होने के कारण उन्हें होम स्टे बनाना, धीरे-धीरे होम स्टे से उनकी आजिविका में सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र का प्राकृतिक छटा से भरपूर है। सरकार इस ओर ध्यान दें तो यहां पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को भी रोजगार मिलेगा।

**ऐसे पहुंचे खिर्सू**

- श्रीनगर से खिूर्स 29 किमी दूर।
- जिला मुख्यालय पौड़ी से 20 किमी दूर।

## 'मीडिया चैनल्स हवाई हमले का सायरन इस्तेमाल न करें'

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

**भारत** पाकिस्तान संघर्ष के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनल्स को अपने कार्यक्रमों में सिविल डिफेंस हवाई हमले के सायरन का इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी है। गृह मंत्रालय के तहत डायरेक्ट्रेट जनरल, सिविल डिफेंस, फायर सर्विस और होम गाड्र्स ने यह एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सिविल डिफेंस एक्ट, 1968 की धारा 3(1) के तहत सभी मीडिया चैनल्स से ये अपील की जाती है




कि सिविल डिफेंस एयर रेड सायरन के इस्तेमाल से बचें और सिर्फ लोगों को जागरुक करने के लिए ही इसका इस्तेमाल करें।

**सरकार का तर्क- लोग गुमराह हो सकते हैं**

एडवाइजरी के अनुसार, सायरन का रुटीन इस्तेमाल, आम नागरिकों में इसकी संवेदनशीलता को कम कर सकता है और लोग असल सायरन की आवाज को मीडिया चैनल्स के सायरन की आवाज मानकर गलतफहमी के शिकार हो सकते हैं। गौरतलब है कि इन दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष चरम पर है। पाकिस्तान द्वारा भारत के शहरों और सैन्य ठिकानों पर हमले की नाकाम कोशिश की जा रही है। भारत जहां पाकिस्तान के हमलों को नाकाम कर रहा है, वहीं जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान को काफी नुकसान भी पहुंचाया है।

## हरियाणा को नहीं देंगे अतिरिक्त पानी, पंजाब के सीएम ने किया भाखड़ा का दौरा

**चंडीगढ़/लोक प्रेरणा**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार द्वारा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) के माध्यम से राज्य के पानी को छीनकर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने के किसी भी प्रयास को विफल करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री रविवार को नंगल में बी.बी.एम.बी. द्वारा पानी छोड़ने के खिलाफ हुए प्रदर्शन में पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और अन्य भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि



एक तरफ पंजाब अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर दुश्मन का बहादुरी से सामना कर रहा है और दूसरी तरफ केंद्र की भाजपा सरकार राज्य को उसके पानी से वंचित करने के लिए घटिया खेल खेल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब पूरी तरह चौकस है क्योंकि पंजाब पुलिस और राज्य के निवासी पाकिस्तान के साथ लगती 532 किलोमीटर की सीमा की रक्षा के लिए सेना की मदद कर रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाजपा ऐसी ओछी हरकतें कर रही है, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गंभीर संकट के मौके पर ऐसी हरकतों से बचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार अंतरराष्ट्रीय सीमा और यहां तक कि राज्य के पानी की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए पंजाब सरकार द्वारा कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच जब ड्रोन डैमों पर दिखाई देते हैं, भाजपा हमें युद्ध के नाजुक मौके पर बहुत ही संवेदनशील क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर रही है। भगवंत सिंह मान ने

## ओमान में समाप्त हुई ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता, जल्द होगी अगली बैठक की घोषणा



**मस्कट/लोक प्रेरणा**

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर ओमान में हुई ताजा वार्ता रविवार को समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच दशकों पुराने परमाणु विवाद को सुलझाने के प्रयासों के तहत ये बातचीत "कठिन लेकिन उपयोगी" रही।

ईरान ने सार्वजनिक रूप से यूरेनियम संवर्धन जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है, वहीं अगली वार्ता की तारीख और स्थान मस्कट जल्द घोषित करेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई हमाने ने वार्ता के बाद कहा, "यह दौर कठिन था लेकिन इससे दोनों पक्ष एक-दूसरे की स्थिति को बेहतर ढंग से समझ सके।" वार्ता की मेजबानी ओमान ने की, जहां दोनों देशों के बीच सीधे और परोक्ष संवाद तीन घंटे से अधिक समय तक चला। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरकची और अमेरिका के मध्य पूर्व विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच यह चौथा दौर था। वार्ता के दौरान ओमान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

हालांकि, अमेरिका ने सार्वजनिक रूप से कड़ा रुख अपनाते हुए साफ किया है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम की पूरी समाप्ति चाहता है। विटकॉफ ने कहा, "हमारा रेड लाइन स्पष्ट है- कोई संवर्धन नहीं। यानी परमाणु केंद्रों का पूर्ण रूप से विस्फोट और निरस्त्रीकरण।"

## मई में भी हिमाचल में सर्दी का असर, अगले 24 घंटों के लिए येलो अलर्ट

**शिमला/लोक प्रेरणा**

हिमाचल प्रदेश में इस बार मई का महीना भी सर्दी की चपेट में नजर आ रहा है। आमतौर पर जहां इस समय राज्य के मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में तेज गर्मी और लू चलती है। वहीं इस साल लगातार हो रही बारिश और चोटियों पर बर्फबारी के चलते तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। राज्य के अधिकतर हिस्सों में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।



इससे मौसम सुहावना बना हुआ है। मैदानी क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता देखने को नहीं मिल रही है, जबकि पहाड़ी इलाकों में अभी भी सर्द हवाओं का असर बना हुआ है। शिमला, कुफरी और मनाली जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मौसम ठंडा होने की वजह से सैलानी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं। कई पर्यटक तो गर्म कपड़े वहीं से खरीदते देखे जा रहे हैं क्योंकि उन्हें मई में ऐसी ठंड की उम्मीद नहीं थी। बीते चार से पांच दिनों से शिमला में दोपहर के समय नियमित रूप से बारिश हो रही है। रविवार को हालांकि मौसम में बदलाव देखने को मिला और धूप-बादलों की आंखमिचौली होती रही।

## मां और डॉक्टर जीवन की सच्चे संरक्षण और उपचारक : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मां और डॉक्टर दोनों ही जीवन की सच्चे संरक्षक, उपचारक और निःशब्द योद्धा होते हैं। उन्होंने यह बाते रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित महिला डॉक्टरों के सम्मेलन और वार्षिक सम्मान समारोह में कही। यह समारोह इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुआ। इसमें बड़ी संख्या में डाक्टर मौजूद रहे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि समारोह में शामिल होना उनके लिए अत्यंत भावुक और मन को आनंदित करने वाला अनुभव रहा है। उन्हें हमेशा यह महसूस होता है कि डॉक्टर और मां के बीच एक अनुपम रिश्ता होता है। दोनों ही जीवन की सच्ची संरक्षक, उपचारक और निःशब्द योद्धा होती हैं। इस विशेष दिन पर वे सभी माताओं को उनके प्रेम, बलिदान और अनमोल देखभाल के लिए दिल से सम्मान और आभार प्रकट करती है।

## डिफाल्टर बिजली उपभोक्ताओं के लिए कल से शुरू होगी सरचार्ज माफी योजना

**चंडीगढ़/लोक प्रेरणा**

हरियाणा के बिजली मंत्री अनिल विज की घोषित बिजली बिलों के सरचार्ज माफी योजना सोमवार से शुरू हो रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थित सभी घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा अन्य श्रेणियों जैसे, कृषि श्रेणी, सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, राज्य सरकार एवं अन्य पब्लिक सर्विस यूटिलिटी, औद्योगिक और अन्य श्रेणियों के कनेक्टेड और डिस्कनेक्ट उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। यह योजना ऐसे उपभोक्ताओं पर लागू होगी, जो 31 अगस्त 2024 तक बिजली निगमों के डिफाल्टर थे और अभी तक भी डिफाल्टर ही बने हुए हैं। राज्य के बिजली मंत्री अनिल विज ने रविवार को बताया कि यदि उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान करता है, तो पात्र सभी घरेलू, कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 10 प्रतिशत



की छूट दी जाएगी और पूरा सरचार्ज माफ किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए योजना की अधिसूचना की तारीख तक कुल विलंबित भुगतान सरचार्ज को रोक दिया जाएगा। घरेलू उपभोक्ता, जो योजना में भाग लेने का निर्णय लेते हैं, उनके पास अधिसूचना की तारीख तक बकाया मूल राशि का एकमुश्त या 8 मासिक या 4 द्विमासिक किस्तों में भुगतान करने का विकल्प होगा। बकाया सरचार्ज राशि को 8 चालू मासिक या 4 द्विमासिक बिलों के नियमित भुगतान के साथ किस्तों में माफ किया जाएगा।
मंत्री विज बताया कि कृषि श्रेणी उपभोक्ताओं के पास बकाया मूल राशि का भुगतान एकमुश्त या तीन बिलिंग चक्रों में करने का विकल्प होगा। कृषि उपभोक्ताओं का बिलिंग चक्र 4 महीने में एक बार होता है। बकाया सरचार्ज राशि को 3 चालू बिल के नियमित भुगतान के साथ किस्तों में माफ किया जाएगा। सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, राज्य सरकार एवं अन्य पब्लिक सर्विस यूटिलिटी कनेक्शन वाले उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेते हैं तो उनके पास अधिसूचना की तिथि तक बकाया मूल राशि का एकमुश्त भुगतान करने का विकल्प होगा और सरचार्ज माफ कर दिया जाएगा।
औद्योगिक और अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं को कुल मूल राशि के साथ 50 प्रतिशत अधिभार राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर शेष 50 प्रतिशत सरचार्ज राशि माफ कर दी जाएगी। यदि उपभोक्ता 6 चालू बिलों के भुगतान में चूक करता है, तो पूर्ण सरचार्ज राशि पुनः वसूल की जाएगी। बकायादार उपभोक्ता बकाया राशि का भुगतान दी गई किस्तों में कर सकते हैं। किसी भी छूटी हुई किस्त के मामले में, बकाया राशि को वर्तमान किस्तों के साथ अंतिम किस्त तक चुकाना होगा अन्यथा पूरा सरचार्ज वापस ले लिया जाएगा।
और उपभोक्ता को योजना से बाहर माना जाएगा।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# सैनिकों की बहादुरी को सलाम करने व उनका मनोबल बढ़ाने के लिए अगले सप्ताह लोहारू में निकाली जाएगी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा: दलाल

### -पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने 10 ग्राम पंचायतों को किए पानी के टैंकर वितरित

**लोक प्रेरणा**
**लोहारू।** हरियाणा के पूर्व वित्त एवं कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान की पहलगांव में कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान में घुसकर बड़े बड़े आतंकवादियों के चुनिंदा स्थानों पर टारगेट कर उनको ठिकाने लगाकर घुटने टिकाए है। इसलिए सैनिकों की बहादुरी को सलाम करने व उनका मनोबल बढ़ाने और राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करने के लिए अगले सप्ताह लोहारू में एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में तिरंगा हाथ में लेकर युवाओं व आमजन द्वारा सैनिकों का मनोबल बढ़ाया जाएगा ह्व पूर्व वित्त एवं कृषि मंत्री जेपी दलाल रविवार को गांव हरियावास में जिला पार्षद रविंद्र मंढोली के कोटे से 10 ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर वितरित करने के उपरांत उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश किसानों और जवानों का देश है। किसान देश के लिए अन्न पैदा करता है और जवान देश की सीमाओं की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि भारत हर क्षेत्र में उन्नति की और अग्रसर है। देश का नेतृत्व बहुत कुशल एवं सशक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुली छूट के कारण ही भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है तथा पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों के सामने घुटने टेक दिए हैं। प्रधानमंत्री ने ऐलान कर दिया है कि जब भी भविष्य में भारत में आतंकवादियों द्वारा कोई हरकत की जाएगी तो वह दोनों देशों का युद्ध माना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंधु नदी का जल समझौता भी रद्द करके उसका पानी रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे इलाके में भी पानी आने के लिए नहरो आदि का निर्माण हो जाएगा और अधिक पानी आएगा और इलाके में खुशहाली आएगी।

पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि लोहारू क्षेत्र में पानी के लिए वे कई बार मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से मिले हैं। भविष्य में भी विकास और जन कल्याण के कार्यों में कोई कमी नहीं रहने की जाएगी। जिला पार्षद रविंद्र मंढोली ने बताया कि गांव मंढोली कला, गोपालवास, हरियावास, सिधनवा, शहरयारपुर सलेमपुर, बैराण, कासनी कला और कासनी खुर्द तथा सुरपुरा गांव की ग्राम पंचायतों को करीब 20 लाख रुपए की लागत से 10 पानी के टैंकर जिला परिषद कोटे से पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने वितरित किए हैं। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा पूर्व वित्त मंत्री का फूल मालाओं व पगड़ी बना कर गर्मजोशी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## हिमाचल में हुए सड़क हादसे में कुरुक्षेत्र के कबड्डी खिलाड़ी की मृत्यु

**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** हिमाचल प्रदेश के नंगल डैम क्षेत्र में दो ट्रकों की टक्कर में कार सवार कुरुक्षेत्र के दीदार नगर निवासी कबड्डी खिलाड़ी रीतिक की मृत्यु हो गई है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के परागपुर में आयोजित कबड्डी टूनामेंट में भाग लेने के लिए गए रितिक शनिवार सुबह घर से निकाले थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे ब्रह्मपुर के पास कबड्डी खिलाड़ियों की कार दो ट्रकों के बीच आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में रितिक की मृत्यु हो गई। रितिक के दोस्त अंकुश ने बताया कि रितिक अंबाला के एसए जैन कॉलेज में बीकाम द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसने एनआईएस में प्रवेश लेना था। अंकुश के अनुसार रितिक कबड्डी का बेहतरीन खिलाड़ी था। शनिवार सुबह 6 बजे रितिक घर से हिमाचल के लिए निकाला था। रितिक ने 3 बार कबड्डी की जोनल प्रतियोगिता, 4 बार प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता, 5 लीग खेलों में व 2 बार सीएम कप प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा 3 बार रगबी और आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भी भाग लिया। कोच संदीप ने बताया कि रितिक कबड्डी को बेहतरीन खिलाड़ी था। इसी का परिणाम है कि वह प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए चयनित होता था। आज हमने एक बेहतरीन कबड्डी खिलाड़ी को खो दिया है, जिसकी कमी पूरी होना मुश्किल है। रितिक के पिता की ज्योतिसर में केमिस्ट की दुकान है। रितिक की एक जुड़वा बहन है। बताया जा रहा कि रितिक के पिता पानीपत के गांव अहर के रहने वाले हैं। पिछले कई सालों से परिवार कुरुक्षेत्र के दीदार नगर में रह रहा हैं। रितिक की उपलब्धियों पर परिवार को नाज है, मगर उसकी मौत ने परिवार को तोड़ दिया है।



## खरीद एजेंसियों ने खरीदा 5 लाख 59 हजार 032 एमटी गेहूं :नेहा सिंह

**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 59 हजार 032 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 26 हजार 084 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 201899 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 987 एमटी, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 22062 एमटी गेहूं खरीदा है। उन्होंने कहा कि खादय आपूर्ति द्वारा 100 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 100 प्रतिशत, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 100 प्रतिशत और निजी एजेंसियों द्वारा 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस जिले में अब तक 5 लाख 59 हजार 032 एमटी गेहूं खरीदा है, इसमें से 24 हजार 935 एमटी एफसीआई को डिलीवर किया गया है, 5 लाख 58 हजार 849 एमटी गेहूं की लिफ्टिंग की गई है। अभी भी मंडियों में 183 एमटी गेहूं रखा हुआ है। उन्होंने एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं की लिफ्टिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930 : नेहा सिंह

**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में आनलाइन शॉपिंग के बढ़ते केज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि आनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश आन डिलीवरी का आप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उपायुक्त ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करे।

## निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 1850 की वित्तीय सहायता : नेहा सिंह

**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यापित फोटो प्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है।

## डीएलएसए ने स्कूलों में किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में प्राधिकरण द्वारा नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इस विषय में जागरूक करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी बहुत अच्छा माध्यम है जिससे हम बहुत कुछ सीखते है नई नई चीजों की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि इस टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते समय हमें सावधानी बरतनी चाहिए तथा इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वीडियो के माध्यम से ई-कोर्ट के बारे में भी विस्तृत जानकारी भी दी गई।

# सुख समृद्धि और आध्यात्मिकता का आधार है बुद्ध पूर्णिमा : डॉ. सुरेश मिश्रा

**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश, वास्तु व ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि वैशाख मास की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी दिन उन्हें बोध गया में तपस्या के आधार पर आत्म ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस बार बुद्ध पूर्णिमा 12 मई सोमवार को है। महात्मा बुद्ध भगवान विष्णु का नौवां अवतार हैं। इस दिन भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर में सुख समृद्धि और आरोग्यता का वास होता है।

पूर्णिमा तिथि पर पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्त्व माना गया है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन प्रातः काल में स्नान के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य दें और बहते जल में तिल



प्रवाहित करें। प्रत्येक माह की पूर्णिमा जगत के पालनकर्ता भगवान विष्णु को समर्पित होती है। इस दिन पीपल के वृक्ष को भी जल अर्पित करना चाहिए। रात्रि को चन्द्रमा दर्शन अवश्य करें। बुद्ध पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से श्रीहरि का आशीर्वाद अपने भक्तों पर हमेशा बना रहता है

। इस दिन स्नान दान का भी विशेष महत्व है, कहा जाता है कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान कर पात्र व्यक्ति या ब्राह्मण को दान करने से सभी पापों का नष्ट होता है और घर में सुख समृद्धि का वास होता है। ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार पूर्णमासी में तीर्थ स्नान और दान का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। सभी प्रकार के रोग दोष व दरिद्रता का नाश होता है।

अपनी श्रद्धा अनुसार दूध, चावल, सफेद वस्त्र और धन का दान सुपात्र को प्रदान करें, जिससे भगवान की कृपा प्राप्त होती है।

## डी.एन. कालेज में चलाया एंटी टीसिंग जागरुकता अभियान



**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दयानंद महिला महाविद्यालय में एंटी टीसिंग जागरुकता अभियान का आयोजन चलाया गया। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों को छेड़छाड़ को रोकने और बेटी को सम्मान देने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1091 के बारे में भी जानकारी दी गई।

# मानसून से पहले नालों और नहरों की सफाई करें सुनिश्चित करें अधिकारी : नेहा सिंह

**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने आगामी मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी परियोजना में कोई कमी पाई जाती है या परियोजना में किसी प्रकार की देरी होती है, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में स्टोन स्टड, स्टोन स्टीनिंग, नालों की रीमॉडलिंग, स्थायी पंप हाउसों के निर्माण, निचले इलाकों में पाइपलाइन बिछाने और बाढ़ के पानी को नालों में गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी नदी के जो तटबंध गांवों की तरफ लगते हैं, उन तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए। इसके अलावा, भूमि कटाव



को रोकने के लिए पत्थर के स्टड बनाएं जाएं। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी संख्या में बनाए गए स्टोन स्टड की समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि जरूरत के अनुसार समय पर मरम्मत की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सरस्वती नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि सरस्वती नदी को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें सीवेज के पानी के बहाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे जिले में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करें ताकि प्रदूषित पानी को सरस्वती नदी में जाने से रोका जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का समान व समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी स्त्रोंतों से उपलब्ध जल का प्रबंधन सही ढंग से करते हुए जिले के हर इलाके में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। पेयजल आपूर्ति के लिए जलाशयों की सफाई, रॉ वाटर की आपूर्ति, टैंकर्स की आवश्यक संख्या आदि के लिए समुचित व्यवस्था की जाए।

## थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया रक्तदान शिविर



**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** दीया संस्था के संस्थापक डॉ. दीपक देवगन और राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा देवगन अस्पताल बाबैन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित अन्य उपचार में आवश्यक रक्त की आपूर्ति हेतु लगाया गया। शिविर में बाबैन थाना प्रभारी बलबीर दत्त और उप निरीक्षक मांगे राम विशेष अतिथि रहे। डॉ. दीपक देवगन ने आज स्वयं 39वीं बार रक्तदान किया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्त देने से स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ते हैं और प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान करते समय एक चींटी के काटने के समान सुई लगाने की पीड़ा होती है और यह एक सुरक्षित और अति पुण्य का कार्य है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रक्तदाता निस्वार्थ भाव से रक्तदान के माध्यम से लोगों का जीवन बचाने का कार्य करते हैं। यह अति पुण्य का कार्य है। विज्ञान आज तक भी रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं खोज पाया है। इसका निर्माण किसी कारखाने में नहीं हो सकता। केवल एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति को यह उपहार स्वरूप दे सकता है। शिविर में डॉ. दीपक देवगन, हरजिंद्र, सतबीर, सुरजीत, सलेंद्र, जसविंद्र, सुमित, अशोक कुमार, सतबीर सिंह, राजपाल, राजेश कुमार, सुनील कुमार, सचिन, लवकुश, जरनैल, मोहित, नवीन, लखविंद्र, रामफल, सन्नी, राकेश, राजेश, रवि, गुरदीप सिंह, जसविंद्र, संत कुमार, गुरतेज, अभिषेक, गौरव, अमरजीत, सुशील, अमरीक, संदीप, तुषार, कमल, रवि, पवन, रोहित, चमन लाल, मलकीत, राजेश, संदीप, ज्ञान, सुशील, खरैती, रोहित सहित 60 लोगों ने रक्तदान किया।

# विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है अधिकांश स्कूल, विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए नहीं है आवश्यक प्रबंध

### -सरकारी स्कूलों को तो नियमों की जानकारी तक नहीं, सुरक्षा में चूक पड़ सकती है भारी

**लोक प्रेरणा**
**सतनाली।** प्रदेश के निजी एवं सरकारी स्कूलों द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के दौरान तो अभिभावकों व विद्यार्थियों को तरह तरह के प्रलोभनों के जरिए सुविधाओं के लिए बड़े लंबे चौड़े दावे किए जाते है परंतु विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति कोई भी स्कूल प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा। स्कूलों में सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा के लिए क्या क्या प्रयास किए जा रहे है तथा क्या व्यवस्था है, इस बात को जानने के लिए अभिभावक भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। बच्चे के घर से स्कूल जाने व वापस घर तक आने के दौरान विद्यार्थी की सुरक्षा किस प्रकार की जाती है, यह भी अभिभावकों को नहीं पता तथा यह चूक बड़ी परेशानी का सबब भी बन सकती है। शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की सुरक्षा संस्था का कर्तव्य है तथा प्रत्येक संस्था विद्यार्थियों को सभी प्रकार की सुरक्षा देने के लिए जवाबदेह है। ध्यान रहे कि करीब 10 वर्ष पूर्व केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने स्कूलों की सुरक्षा के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे लेकिन अधिकांश स्कूलों में उन दिशानिदेर्शों व नियमों की पालना दस प्रतिशत भी नहीं हो रही है। खंड की अधिकतर शिक्षण संस्थाओं में इसके प्रति गंभीरता नजर नहीं आ रही। सरकारी स्कूलों को तो अभी तक निदेर्शों की जानकारी तक भी नहीं है। स्कूल संचालक, प्रबंधक, व मुखिया विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कितने गंभीर है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अधिकांश स्कूलों में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे, सिक्योरिटी गार्ड तक का प्रबंध नहीं है।

शिक्षा विभाग भी अपने दायित्वों को लेकर फिलहाल गंभीर नजर नहीं आ रहा है। विभाग की यह कोताही काफी हैरानी का विषय मानी जा सकती है। सतनाली खंड में एक दर्जन से अधिक निजी स्कूल है तथा करीब दो से तीन दर्जन तक सरकारी स्कूल है। निजी स्कूलों में कुछ हद तक सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है लेकिन सभी स्कूलों में ऐसा नहीं है। अनेक स्कूलों में गार्ड तक भी नहीं है। कई स्कूलें तो ऐसी है जिनकी चारदीवारी ऊंची नहीं है तथा कोई भी असामाजिक तत्व आसानी से कूदकर स्कूल में प्रवेश कर सकता है। स्कूलों में अलार्म की व्यवस्था तो कहीं नहीं है जो आपात स्थिति के प्रति सचेत कर सके। वहीं अनेक स्कूलों में सुरक्षा की दृष्टि से फायर फायटिंग सिस्टम भी नहीं है। फायर फायटिंग सिस्टम के अभाव में आपात स्थिति में विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ हो सकता है। स्कूलों के मुख्य गेट पर चौकीदार व सुरक्षा गार्ड का न होना, स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे का न होने जैसी छोटी सी चूक विद्यार्थियों के लिए किसी भी समय घातक हो सकती है। ऐसे में स्कूलों में सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने अति आवश्यक है।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# पैरा ओलंपिक समिति प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की

**नई दिल्ली,** । पैरा ओलंपिक समिति ऑफ इंडिया (पीसीआई) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, कोयंबटूर से विधायक और पीसीआई की मुख्य संरक्षक श्रीमती वनाथी श्रीनिवासन ने किया। इस बैठक का आयोजन सितंबर-अक्टूबर 2025 में नई दिल्ली में प्रस्तावित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया था।

इस दौरान श्रीमती वनाथी श्रीनिवासन के साथ पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया, मुख्य कोच सत्यनारायण, निदेशक सत्यबाबू और नई दिल्ली 2025 चैंपियनशिप के संयुक्त सचिव किरुबाकरार राजू भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली



सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और समर्थन प्रदान किया जाएगा। यह पहली बार है जब नई दिल्ली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रही है, जिसमें 100 से अधिक देशों के एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है। बैठक के दौरान आयोजन स्थलों की संरचना, पहुंच की सुविधाएं, लॉजिस्टिक्स, एथलीटों के आवास, स्वयंसेवकों की भूमिका और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समन्वय जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद श्रीमती वनाथी श्रीनिवासन ने दिल्ली प्रशासन की तत्परता की सराहना की और कहा कि यह आयोजन न केवल पैरा-एथलेटिक्स को बढ़ावा देगा, बल्कि विकलांग खिलाड़ियों को एक वैश्विक मंच भी प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह चैंपियनशिप भारत की खेलों में बढ़ती वैश्विक पहचान और समावेशिता की प्रतिबद्धता को दर्शाएगी।

# जहांगीरपुरी एच ब्लॉक संजय नगर में मनाई गई, क्षत्रिय महाराणा प्रताप की जयंती

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली**। राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी एच ब्लॉक नियर संजय नगर आजादपुर मंडल में बड़े हर्षोउलॉस के साथ क्षत्रिय महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई।

बता दें कि महाराणा प्रताप जयंती के शुभ अवसर पर वार्ड-16 आजादपुर मंडल की निगम पार्षद सुमन शर्मा, आजादपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष इंद्रमुखी,शक्ति केंद्र से संजय राघव, सुनील कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन समाजिक सेवा के प्रति भाव रखने वाले प्रिय श्री संजय राघव के यहां किया गया। आपको बताते चलें कि जहां एक ओर लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाई,साथ ही महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लोगों में मिठाईयों का



वितरण कर मुंह मीठा किया गया,और मिठाई की मिठास का रस घोला गया।

इस मौके पर समाज की सेवा करने वाले संजय राघव ने बताया कि आज महाराणा प्रताप की जयंती बड़े हर्षोउल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई है। उन्होंने कहा कि मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी अपने-अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति के साथ साथ इतिहास और महापुरूषों की जानकारी अवश्य दें,ताकि बच्चों में भारतीय संस्कृति की जागरूकता बनी रहे, जोकि बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि सभी को महाराणा प्रताप के जीवन से सीख लेनी चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। वहीं इस मौके पर और भी कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार विमर्श किए।

## केनरा बैंक ने सभी अवधियों के लिए एमसीएलआर दर 0.10 फीसदी घटाया

नई दिल्ली। **सार्वजनिक क्षेत्र के** केनरा बैंक ने अधिकांश अवधियों के लिए सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) में 0.10 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद कर्ज सस्ते हो जाएंगे।

नई दरें 12 मई से प्रभावी होंगी।

## दिल्ली में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने पिछले दो महीना में सात हजार से ज्यादा काटे चालान

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली**। राजधानी दिल्ली में एडिशनल कमिश्नर (ट्रैफिक) सत्यवीर कटारा के मुताबिक, इसी वर्ष मार्च माह में ट्रैफिक पुलिस ने एक टीम बनाई थी, जिसका



नेतृत्व इंस्पेक्टर रवि दत्त कर रहे हैं। 30 अप्रैल को आउटर रिंग रोड (मुकुंदपुर के पास) पर अचानक चेकिंग के दौरान, एएसआई राम अवतार ने एक लाइट गुड्स गाड़ी को रोका। जांच के दौरान, ड्राइवर द्वारा प्रस्तुत एनईपी प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया। तब उसे पकड़ कर जहांगीरपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया। चालक लेख राज ने पूछताछ में बताया कि गाड़ी मालिक मोहम्मद अजीम ने यह फर्जी एनईपी प्रमाणपत्र सब्जी मंडी, आजादपुर में से 10 हजार रुपये में खरीदा था। इसी प्रकार, 7 मई को एसआई सुगन सिंह ने हनुमान मंदिर के पास रिंग रोड पर अचानक चेकिंग के दौरान एक अन्य कमर्शियल गाड़ी को रोका।

इस वाहन की विंडशील्ड पर एक फर्जी एनईपी चिपका हुआ था। उसे भी कश्मीरी गेट पुलिस को सौंप दिया गया। ड्राइवर, कमलेश यादव ने बताया कि उसका गाड़ी मोहम्मद आसिफ ने यह फर्जी प्रमाणपत्र 10 हजार रुपये में खरीदा था। इन दोनों मामलों में ड्राइवरों और गाड़ी मालिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालाँकि फर्जी एनईपी प्रमाणपत्र बनाने और बेचने वाले गिरोह के बारे में पता कर उनकी गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। एडिशनल कमिश्नर ने बताया कि सभी ऑपरेटरों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जो फर्जी नो एंट्री परमिशन प्रमाणपत्र का इस्तेमाल करते पाए जाएंगे। ऐसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कमर्शियल गाड़ियों का संचालन कानूनी तरीके से हो। सभी भारी वाहन चालकों से ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है वह ट्रैफिक नियमों का पालन करें। इसके साथ ही उन्हें फर्जी एनईपी प्रमाणपत्रों को नहीं खरीदने की अपील भी की गई है। बता दें कि यातायात पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर जांच करते हुए पिछले दो महीनों में 7,654 चालान काटे गए हैं, साथ ही 65 कमर्शियल गाड़ियों को जब्त भी किया गया।

# युद्ध विराम के बाद कांग्रेस ने की सर्वदलीय बैठक, संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**नई दिल्ली,** । भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल प्रभाव से पूर्ण युद्ध विराम पर शनिवार को सहमति बनने के बाद कांग्रेस ने सरकार से सर्वदलीय बैठक और पिछले दिनों के घटनाक्रम पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की।

कांग्रेस महासचिव और पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने युद्ध विराम की घोषणा के तुरंत बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "अभूतपूर्व घोषणा के मद्देनजर अब पहले से कहीं ज्यादा इन चीजों की जरूरत है - एक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की



अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लिया जाए। दूसरा, पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले से लेकर पिछले 18 दिन के घटनाक्रम और भविष्य की राह पर चर्चा, तथा सामूहिक संकल्प दिखाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए।"

इससे पहले, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने एक बेहद छोटे और नपे-तुले बयान में युद्ध विराम की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि शनिवार शाम पांच बजे से युद्ध विराम लागू हो गया है। भारत ने अपनी शर्तों पर सीजफायर किया है। अब 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ दोबारा बैठक करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पर बताया था कि अमेरिका की मध्यस्थता में रात को चली लंबी वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान "पूर्ण तथा तत्काल" युद्ध विराम पर सहमत हुए हैं।

पिछले महीने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर 7 मई को तड़के पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था।

इसके बाद पाकिस्तान ने लगातार भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और आबादी वाले इलाके में ड्रोन तथा मिसाइलों से हमले किए, जिनमें ज्यादातर को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

# भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत : डोनाल्ड ट्रम्प का बड़ा बयान

## लेकिन पाकिस्तान नें कुछ घंटे बाद संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

**नई दिल्ली**। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच एक बड़ी और सकारात्मक खबर सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि दोनों देशों ने "पूर्ण और तत्काल युद्धविराम" पर सहमति जताई है।



ट्रम्प ने पर ट्वीट करते हुए कहा है की , "संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में लंबी रात की बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। सामान्य ज्ञान और महान बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के लिए दोनों देशों को बधाई। इस बात की ओर आपका ध्यान के लिए धन्यवाद!

रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और कई अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के निरंतर प्रयासों के बाद आया है, जिन्होंने क्षेत्र में तेजी से बिगड़ते हालात को रोकने के लिए पहल की थी।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पर ट्वीट करते हुए कहा पिछले 48 घंटों में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, सेना प्रमुख असीम मुनीर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और असीम मलिक सहित वरिष्ठ भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों से बातचीत की है।

मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान की सरकारें तत्काल युद्ध विराम और तटस्थ स्थल पर व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर सहमत हो गई हैं।

हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ की बुद्धिमत्ता, विवेक और राजनेतापन की सराहना करते हैं।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने ट्वीट किया, "पाकिस्तान और भारत तत्काल प्रभाव से संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं।"

## जम्मू-कश्मीर : केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उधमपुर, कठुआ और डोडा की स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली** । भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर, कठुआ और डोडा लोकसभा क्षेत्रों में स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि लोगों की देखभाल, रक्तदान शिविर समेत अन्य कार्यों के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। जितेंद्र सिंह ने बैठक से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने बैठक के बारे में भी जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री ने वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, "भाजपा संगठन स्तर पर उधमपुर, कठुआ, डोडा लोकसभा क्षेत्रों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें भाजपा के सभी पांच जिलाध्यक्ष और प्रमुख पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। विभिन्न कार्यों के लिए समर्पित टीमें बनाई गई हैं, जिनमें सुचारू भोजन आपूर्ति सुनिश्चित करना, विस्थापित लोगों की देखभाल, रक्तदान शिविर आयोजित करना और प्रत्येक जिले में एक विशेष हेल्पलाइन की स्थापना शामिल है। साथ ही युवा मोर्चा वरिष्ठों के मार्गदर्शन में आत्मरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित करेगा।

## पाकिस्तान के झूठे दावों का रक्षा मंत्रालय ने किया खुलासा, भारत के सैन्य ठिकाने सुरक्षित




**नई दिल्ली** । रक्षा मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा है कि "पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने खक्र 17 से हमारे र400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है ।साथ ही पाकिस्तान ने गलत सूचना अभियान चलाया कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया, और उसकी यह गलत सूचना भी पूरी तरह से गलत है। तीसरे, पाकिस्तान के गलत सूचना अभियान के अनुसार, चंडीगढ़ और व्यास में हमारे गोला-बारूद डिपो को नुकसान पहुंचाया गया, जो भी पूरी तरह से गलत है। पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमारी सेना भारत के संवैधानिक मूल्यों का एक बहुत ही सुंदर प्रतिबिंब है. ।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमोडोर रघु आर नायर ने कहा, "समुद्र, हवा और जमीन पर सभी सैन्य गतिविधियों को रोकने के लिए सहमति बन गई है। भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना को इस सहमति का पालन करने का निर्देश दिया गया है. ।

## दिल्ली में अगले हफ्ते में पारा जा सकता है 40 के पार

**नई दिल्ली**। दिल्ली के कुछ इलाकों में शनिवार को हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कुछ इलाकों में हल्की बारिश और तेज हवाएं चलीं जिससे मौसम सुहाना बना रहा। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 3.4 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि आज सुबह दिल्ली-एनसीआर में बारिश हुई। आने वाले दिनों में दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं।

# पाकिस्तान ने किया सीजफायर का 'घोर उल्लंघन', सेना कर रही जवाबी कार्रवाई

**नई दिल्ली**। भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम के उल्लंघन को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शनिवार देर रात कहा कि सेना को सख्त कदम उठाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर आज शाम हुए समझौते का पाकिस्तान ने कुछ ही घंटों में "घोर उल्लंघन" किया है।

विक्रम मिस्त्री ने मीडिया को बताया कि भारतीय सेना पूरी दृढ़ता से जवाबी कार्रवाई कर रही है और सीमा पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने में जुटी है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से यह कार्रवाई "अत्यंत निंदनीय है और इसकी पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है"।

उन्होंने कहा, "सशस्त्र बल हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सीमा तथा नियंत्रण रेखा पर किसी भी तरह के उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।"

विदेश सचिव ने कहा कि हम



पाकिस्तान से अपेक्षा करते हैं कि वह स्थिति की गंभीरता को समझे और तत्काल प्रभाव से इस अतिक्रमण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। भारतीय सेना इस स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है और किसी भी प्रकार के उल्लंघन का कड़ा और निर्णायक उत्तर देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उल्लेखनीय है कि तीन दिनों तक चले संघर्ष के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम हुआ था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि शनिवार शाम पांच बजे से सीजफायर लागू हो गया है, लेकिन महज चार घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया और सीमा पार से गोलीबारी शुरू की। साथ ही कई शहरों को ड्रोन के जरिए निशाना बनाया।

इससे पहले भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई को लेकर बड़ा फैसला लिया। सरकार ने सख्त संदेश देते हुए कहा था कि भविष्य में कोई भी आतंकी घटना भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी।

भारत सरकार के शीर्ष सूत्रों ने कहा था कि भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अंदाज में जवाब भी दिया जाएगा।

## सीजफायर उल्लंघन पर सहवाग का पाकिस्तान पर तंज, 'कुत्ते की दुम टेढ़ी ही रहती है'

**नई दिल्ली**। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने शनिवार को भारत के साथ संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन के बाद पाकिस्तान पर निशाना साधा। दोनों देशों द्वारा सार्वजनिक रूप से संघर्ष विराम पर सहमति जताए जाने के कुछ ही घंटे बाद, अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कई विस्फोटों की सूचना मिली, जिसमें पाकिस्तानी ड्रोन ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के संवेदनशील क्षेत्रों को निशाना बनाया।



अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर सहवाग ने एक प्रसिद्ध हिंदी मुहावरे का इस्तेमाल करते हुए पोस्ट किया, ॠकुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती हैॠ।

यह कहावत, जो आम तौर पर बदलाव के लिए प्रतिरोधी लोगों या संस्थाओं का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल की जाती है, को पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने के रिकॉर्ड पर सीधा कटाक्ष माना जाता है। सहवाग को मुल्तान का सुल्तान कहा जाता है। उन्होंने मुलतान में तिहरा शतक बनाया था।

दोनों देशों द्वारा दिन में पहले संयुक्त रूप से औपचारिक संघर्ष विराम समझौते की घोषणा किए जाने के बावजूद उल्लंघन हुआ। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने पुष्टि की कि दोनों पक्षों के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने तत्काल प्रभाव से सभी शत्रुताएं - चाहे भूमि, वायु या समुद्र से - समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी संघर्ष विराम की पुष्टि की। उन्होंने कहा, ॠभारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझौता किया है। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार एक दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है - और यह ऐसा करना जारी रखेगा।ॠ

हालांकि, एक चौंकाने वाले बदलाव में, शाम को श्रीनगर में विस्फोट हुए, जिसके कारण पूरे जम्मू और कश्मीर में रेड अलर्ट और व्यापक ब्लैकआउट हो गया। इसके साथ ही, भारतीय वायु रक्षा बलों ने राजस्थान के पोखरण और कश्मीर के बारामूला में पाकिस्तानी ड्रोन को रोका और मार गिराया, जिससे तनाव और बढ़ गया।

## मौज मस्ती करने के लिए बदमाशों ने की कैब ड्राइवर की पिटाई, फिर की लूटपाट




**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली**। उत्तर पश्चिम जिले के सुभाष प्लेस थाना पुलिस ने मौज मस्ती के लिए कैब चालक की पिटाई कर लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। बदमाशों की पहचान जैन कॉलोनी प्रहलादपुर बांगर निवासी (19 वर्षीय) अंकुश, विजय विहार निवासी (21 वर्षीय) अमन उर्फ अक्कू, शाहबाद दौलतपुर निवासी (23 वर्षीय) मनीष और जहांगीरपुरी निवासी (22 वर्षीय) दीपांशु कोहली के रूप में हुई है।

उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि 8 मई बृहस्पतिवार को सेक्टर-65 गुरुग्राम निवासी कैब चालक तालीम ने सुभाष प्लेस थाने में लूटपाट की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया, तड़के तीन बजे दिल्ली हाट के पास अपनी कार पार्क कर बुकिंग का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बाइक से आए दो युवकों में से एक ने कार के शीशे पर पत्थर फेंक दिया। जब पत्थर फेंकने का विरोध किया तो बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया,और दोनों मधुबन चौक की ओर भागने लगे। पीड़ित ड्राइवर ने कार से उनका पीछा कर कोहाट एन्क्लेव मेट्रो स्टेशन के पास उन्हें रोक लिया। पीड़ित के मोबाइल मांगने पर बदमाशों ने मारपीट की और कार की चाबियां छीन ली। फिर दोनों बदमाश वहां से चले गए। कुछ देर बाद बदमाश दो और अन्य लोगों के साथ वैगन आर कार से वापस आए। चारों ने फिर से पीड़ित के साथ मारपीट की, और पर्स लूट लिया। पर्स में करीब 12 हजार रुपये और ड्राइविंग लाइसेंस था। सुभाष पैलेस

थाना प्रभारी महेश कुमार के नेतृत्व में आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। टीम में कांस्टेबल योगेश शर्मा कांस्टेबल नीरज कॉन्स्टेबल परवीन हेड कांस्टेबल विनोद हेड कांस्टेबल नवीन कांस्टेबल मोहित और कांस्टेबल नवीन को जिम्मा सोंपा गया पुलिस टीम ने घटनास्थल और बदमाशों के भागने की दिशा में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। पुलिस ने शुक्रवार को चारों बदमाशों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया।

## भारत की सैन्य शक्ति पाकिस्तान पर भारी, हर मोर्चे पर दुश्मन फेल

**नई दिल्ली** । पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की, जिसमें किसी नागरिक और सैन्य ठिकाने को टारगेट नहीं किया गया। इसके जवाब में पाकिस्तान की ओर से लगातार भारत के सैन्य और नागरिक ठिकानों पर हमले जारी हैं। दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच तनाव पर वैश्विक चिंताएं भी बढ़ गई हैं।



पाकिस्तान ने कोई कार्रवाई होने पर भारत के खिलाफ कई बार परमाणु बम का इस्तेमाल करने की गीदड़ भभकी दी है। मौजूदा स्थिति में पाकिस्तान लगातार भारत पर ड्रोन, मिसाइल के साथ हवाई क्षेत्रों में हमले कर रहा है और सीमापार से बिना उकसावे के गोलाबारी भी कर रहा है। भारतीय सेना लगातार प्रभावी जवाबी कार्रवाई कर रही है और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जा रहा है।

शनिवार को भी पाकिस्तान ने भारत के कई क्षेत्रों में हमले किए। पाकिस्तान की तरफ से भारत की पश्चिमी सीमा और एलओसी पर अपनाए गए आक्रामक रवैये के जवाब में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई अहम सैन्य ठिकानों पर जोरदार हमला किया। जिन जगहों को निशाना बनाया गया, उनमें पाक सेना के तकनीकी केंद्र, कमांड सेंटर, रडार और गोला-बारूद के बड़े भंडार शामिल थे।

इसी बीच, अमेरिका ने दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों से बातचीत शुरू करने और बढ़ते तनाव को कम करने की अपील की है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के शनिवार को नेशनल कमांड अथॉरिटी की एक बैठक बुलाने की खबर आई। नेशनल कमांड अथॉरिटी नागरिक और सैन्य अधिकारियों की सबसे बड़ी संस्था है, जो देश की सुरक्षा से जुड़े फैसले लेती है, जिनमें परमाणु हथियारों से संबंधित निर्णय भी शामिल हैं। हालांकि, बाद में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने साफ किया कि ऐसी कोई बैठक तय नहीं है।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# नगर निगम करा रहा है नालों की सफाई, मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए सख्त निर्देश

## नालों में कूड़ा डालने वालों पर अधिकारी लगाई रोक- अमृत अभिजात

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद** । नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर हित के कार्यों को लगातार कर रहा है इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के 88 नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है, प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश सरकार अमृत अभिजात द्वारा गाजियाबाद में चल रही नालों की सफाई का निरीक्षण किया गया, मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, व अन्य अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे जिनके द्वारा निरीक्षण के दौरान चल रहे कार्यों की संपूर्ण जानकारी प्रमुख सचिव नगर विकास को दी गईह्न



गाजियाबाद में मानसून से पहले सभी नालों की सफाई सही प्रकार से हो संबंधित स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा निर्देशित किया गया चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग पर भी विशेष बल दिया जाए अधिकारियों को निर्देशित किया गया निरीक्षण के दौरान मौके पर कौशांबी स्थित नाला वैशाली स्थित नाला तथा एलिवेटेड रोड के नीचे वाला नाला देखा गया मौके पर नाले की सफाई का कार्य जारी रहा, ड्रोन के माध्यम से हो रही मॉनिटरिंग भी देखी गई, नालों की सफाई करने के साथ-साथ नालों में कूड़ा न डलें इसका भी ध्यान रखने के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा अधिकारियों को कहां गया साथ ही नालों की साइड वाली दीवारों पर लंबी जाली लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए।

एलिवेटेड पुल के नीचे जो की वसुंधरा वैशाली के लिए प्रमुख एंट्री है, वहां के नाले को पूर्ण रूप से साफ करते हुए आसपास सौंदर्य करण करने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए जिसमें प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को फूलों के पौधे लगाने के लिए कहा गया, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को प्रमुख नालों पर विशेष ध्यान देते हुए लंबी जाली लगवाने के लिए कहा गया गाजियाबाद नगर निगम मानसून से पहले व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में लगा हुआ है जिसके क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा भी चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया, ऐसे नाले जो की गाजियाबाद और दिल्ली के बॉर्डर पर है उनको एक सप्ताह के भीतर पूर्ण रूप से साफ करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को निर्देश दिए गए, निरीक्षण के दौरान मौके पर गाजियाबाद की सीडीओ अभिनव गोपाल भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया



**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद** । प्रताप विहार स्थित न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल में शनिवार को मदर डे धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आकर्षण स्कूल के बच्चों द्वारा अपनी माताओं के सम्मान में प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम रहे। समारोह में बच्चों की माताएं अतिथि रहीं और उन्होंने ही समारोह का उदघाटन किया। स्कूल की निदेशक मुनीष अग्रवाल ने पूरी सृष्टि में सबसे महान मां ही है। उसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती है, क्योंकि वहीं जीवनदायिनी है और वहीं बच्चों का पग-पग पर सहारा बनकर उन्हें जीवन रूपी जंग से लडकर उस पर विजय प्राप्त करना सिखाती है। स्कूल की प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने कहा कि सम्पूर्ण जगत में मां के समान धैर्यशाली, त्यागमयी, मजबूत व अन्नपूर्णा कोई नहीं है। बच्चे की पहली शिक्षिका उसकी मां होती है और वहीं उसे उंगली पकडकर चलना सिखाती है। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की माताओं ने भी अनेक प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

### हिंडन एयरपोर्ट से रद्द फ्लाइट की नहीं मिली जानकारी, यात्री पहुंच रहे एयरपोर्ट




**लोक प्रेरणा**
**साहिबाबाद।** सुरक्षा के मद्देनजर हिंडन एयरपोर्ट से सभी 14 शहरों की उड़ान 7 मई से ही आगामी दिशा निर्देश तक रद्द कर दी गई थी। बावजूद इसके रद्द फ्लाइट की जानकारी यात्रियों तक नहीं पहुंची है। शुक्रवार को कई यात्री पटना, चेन्नई व अन्य शहरों की फ्लाइट लेने एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां एयरपोर्ट के 100 मीटर की दूरी पर ही सभी को रोक दिया गया। लोगों को जब बताया गया कि फ्लाइट रद्द है तो वह नाराज हुए, सबका कहना था कि उन्हें फ्लाइट रद्द होने की कोई सूचना नहीं दी गई थी। दोपहर 2:40 की पटना की फ्लाइट लेने रमेश चंद भगत अपने परिवार के साथ एयरपोर्ट पर 1:30 पर पहुंचे थे।
वहां पहुंच कर मालूम हुआ कि फ्लाइट रद्द है। उन्होंने बताया कि वह विजयनगर गाजियाबाद से पहुंचे हैं। घर से निकलने से आधा घंटा पूर्व भी उन्होंने पीएनआर स्टेटस चेक किया लेकिन उड़ान रद्द की कोई जानकारी नहीं थी। बाद में पुलिसकर्मियों ने एयरपोर्ट के अंदर से एयर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारी को बाहर बुलाया और उनकी बात कराई।एयरलाइंस कंपनी कर्मचारी ने उन्हें बताया कि कंपनी की ओर से सभी को मैसेज भेजा गया था लेकिन रमेश चंद ने किसी तरह का कोई मैसेज मिलने की बात से इंकार किया।वहीं चेन्नई की फ्लाइट लेने अलीगढ़ से ऑर्थोपेडिक डाक्टर महफूज आलम भी एयरपोर्ट पर 11 बजे पहुंच गए थे। उन्हें भी एयरपोर्ट जाकर फ्लाइट रद्द होने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि मेडिकल के अंतिम वर्ष की परीक्षा 12 से है, जिसके लिए वह चेन्नई जा रहे थे। वहीं पांच घंटे सफर करने के बाद यहां पहुंच कर मालूम हुआ कि फ्लाइट रद्द है। डा. आलम ने भी एयरलाइंस कंपनी की ओर से किसी तरह का मैसेज न भेजने की बात कही। इसी तरह सुबह से शाम तक कई लोग एयरपोर्ट पर अलग-अलग शहरों की फ्लाइट लेने पहुंचे तो उन्हें वहां फ्लाइट रद्द होने की जानकारी मिली और लोग परेशान होकर लौटे।

## दबंगो ने घर मे घुसकर महिला को मारा, एसपी से शिकायत

**लोक प्रेरणा**
**जैदपुर बाराबंकी।** पूरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर महिला को मारा पीटा। पुलिस अधीक्षक के आदेश? पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मायादेवी पत्नी स्व छेदी लाल? पाटमऊ थाना जैदपुर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुवे बताया कि लगभग 9 बजे घर में प्रार्थिनी द्वारा खाना बनाते समय गांव के चन्द्रेश उर्फ लल्लू पुत्र वीरेन्द्र व वीरेन्द्र पुत्र रामसनेही ?द्वारा पुरानी रंजिश के कारण प्रार्थिनी के घर में घुसकर प्रार्थिनी को लात-घूसों मारा पीटा बेइज्जत किया। शोर पर उपरोक्त लोग प्रार्थिनी को घर में छोडकर भाग गये। घटना के बाद प्रार्थिनी ने 112 नम्बर डायल करके पुलिस को सूचना दी।। उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश? पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पिकअप अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, हादसा टला

**लोक प्रेरणा**
**जैदपुर बाराबंकी।** नहर मे गिरी तेज रफ़्तार पिकप स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बहर निकल कर बचाई गयी जान। पूरा मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के जैदपुर सफदरगंज मार्ग स्थित माइनर मे गोठिया की तरफ से आ रहा तेज रफ़्तार छोटा डाला बाइक को बचाने को लेकर अनियंत्रित हो गया और पास की माइनर मे गिर गया शोर गुल सुनते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पिकप मे फंसे चालक को बाहर निकाला हलांकि पानी कम था इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ और बड़ा हादसा होते होते टल गया। मीनापुर निवासी पिकप चालक चंद्रशेखर टमाटर लादने गोठिया गाँव जा रहा था तभी सामने से आ रही तेज रफ़्तार बाइक को बचाने को लेकर ये हादसा हुआ फिलहाल पिकप चालक को हलकी फुल्की चोटे आई थी जिसका निजी डॉक्टर से प्राथमिक उपचार कराने के बाद घर भेज दिया गया है

## पैसे की कमी होने से पानी की टंकी कार्य ठप्प, लोगो को पानी की दिक्कत

**लोक प्रेरणा**
**बाराबंकी।** जैदपुर क्षेत्र के ग्राम रहीमाबादमेजल मिशन निगम के अंतर्गत बनी हुई पानी की टंकी आधी अधूरी अभी तक काम नहीं हुआ पूरा। बताते चलें कि विकास खंड हरख के ग्राम पंचायत रहीमाबाद सातवां जहां पर वर्ष 2023 से पानी की टंकी जल जीवनमिशन के अंतर्गत निर्माण कार्य शुरू हुआ लेकिन अब तक पानी की टंकी का कार्य पूरा नहीं हुआ। वही ग्रामीणों द्वारा शनिवार करीब दस बजे बताया गया कि पानी पानी की सप्लाई डायरेक्ट मोटर से की जाती है लेकिन बीते कई दिनों से मोटर भी खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों में पानी के लिए बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। गांव की ही रहने वाली आंगनवाड़ी अंजू देवी ने बताया पानी के लिए हमें दर-दर भटकना पड़ता है पानी की टंकी अधूरी पड़ी है।वही जल निगम के अधिशासी अभियंता अमित सिंह यादव ने बताया कि बजट की कमी होने के कारण कार्य अधूरा था। बजट आने पर कार्य शुरू होगा वहीं खराब पड़े मोटर को जल्दी सही कराने बात की है

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में हुआ व्यापक सुधार

**लोक प्रेरणा**
**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में जिले के सभी अधिकारियों के प्रयासों से सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में गत माह के सापेक्ष व्यापक सुधार हुआ है। इस माह जनपद की विकास कार्यों में 07वीं रैंक है, जबकि गतमाह जनपद की रैंकिंग 29 थी। इसी प्रकार इस माह जनपद की राजस्व व विकास कार्यों की सम्मिलित रैंक 11वीं है, जबकि गतमाह 18 वीं रैंक थी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने जिले के सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और प्रयास करें, जिससे कि हमारा जनपद सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पा सके। उल्लेखनीय है कि सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की 48 परियोजनाओं को ए+ ग्रेड मिला है। इसी प्रकार 8 परियोजनाओं को बी ग्रेड, 3 परियोजनाओं को सी, एक परियोजना को डी तथा एक परियोजना को ई ग्रेड प्राप्त हुआ है।

# नरेंद्र बने अध्यक्ष, रामराज महामंत्री तो रितेश उपाध्यक्ष ने विजय पताका फहराया

## जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव मतगणना शांतिपूर्ण सम्पन्न

**लोक प्रेरणा**
**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण माहौल में शुक्रवार को सुबह नौ बजे वोटों की गिनती शुरू हुई। चुनाव परिणाम में वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार वर्मा एक बार फिर अध्यक्ष चुने गए तो वहीं महामंत्री पद पर रामराज यादव ने विजय पताका फहराया। गौरतलब है कि जिला बार एसोसिएशन की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए 8 मई को खासी गहमा गहमी के बीच वोट डाले गए थे। वकीलों ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। 94 फीसदी से ज्यादा वोटरों ने मतदान किया था। मतगणना देर शाम तक चली। लेकिन सुबह से ही परिणाम को लेकर वकीलों के साथ ही जनमानस में उत्सुकता रही। चुनाव अधिकारी ने विजयी सभी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाणपत्र दिया। वहीं परिणाम आते ही समर्थक खुशी से झूम उठे और गाजे बाजे के साथ अबीर-गुलाल खेलते हुए कचहरी पहुंचे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। बताते चलें कि मतगणना शुरूआती रूझान में वरिष्ठ अधिवक्ता रमन लाल द्विवेदी ने रफ्तार पकड़नी शुरू की लेकिन जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ती रही नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बढ़त बनाई। 32वें राउंड की गिनती में नरेन्द्र कुमार वर्मा ने 178 तम हासिल किए वहीं रमन लाल द्विवेदी 157 वोटों से दूसरे स्थान पर रहे। नरेश सिंह को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। फिर 57 वें राउंड की गिनती के दौरान अध्यक्ष पद के



उम्मीदवार नरेन्द्र कुमार वर्मा 330 वोट पाकर पहले स्थान पर बने रहे। वहीं रमन लाल द्विवेदी ने 288 मत पाकर दूसरा स्थान बनाए रखा। महामंत्री पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता रामराज यादव ने 76वें राउंड की गिनती में 528 तम प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को महज 346 और तीसरे स्थान पर पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर को 322 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रितेश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रथम पद पर पंकज कुमार मिश्रा और उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर मनोज कुमार सिंह ने बढ़त बनाई हुई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए शुरूआत से ही नरेन्द्र वर्मा, रमन लाल द्विवेदी और नरेश सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा था लेकिन जैसे-जैसे चुनाव परिणाम आते गए स्थिति साफ होती गई। दोपहर बाद से नरेन्द्र वर्मा अपने प्रतिद्वंदी प्रत्याशी रमन लाल द्विवेदी पर लगातार बढ़त बनाते नजर आए। जिस कारण चुनाव परिणाम उनके पक्ष में रहा। सूत्रों की माने तो जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में समाजवादी पार्टी के पीडीए फामूर्ले का असर व्यापक पैमाने पर नजर आया है। गत वर्ष हुए संसदीय चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अपने दम पर 37 सीटे हासिल करके पीडीए फामूर्ले को मजबूती प्रदान की थी। ठीक इसी तरह से बाराबंकी जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में भी पीडीए फामूर्ले का असर देखने को मिला है। समाजवादी विचारधारा से जुड़े नरेन्द्र सिंह वर्मा बाराबंकी में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर और रामराज यादव महामंत्री के रूप में विजयी हुए हैं। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में पीडीए फामूर्ले के कामयाब होने से सपाई खेमे में भी खुशी और उत्साह देखने को मिला। देर शाम आए चुनावी परिणाम के बाद अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष समेत नई कार्यकारिणी के सभी विजयी पदाधिकारियों का वकीलों और उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। उन पर फूल और अबीर गुलाल की बारिश की गई, स्वागत में ढोल नगाड़े बजाए गए। जमकर जश्न मनाया गया, जीत दर्ज करने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि बार चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जिताने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं व साथियों का दिल से आभार। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि बार की गरिमा को और बढ़ा सकूँ। अधिवक्ताओं से जुड़े हर मामले में सदैव साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि वकीलों के सम्मान और वेलफेयर के लिए बेहतर से बेहतर काम करना ही उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बार और कोर्ट के बीच तालमेल बनाकर वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय मुहैया कराए जाने की कोशिश किए जाने का भी दावा किया। श्री वर्मा ने कहा कि वह वकीलों के हित में हर जरूरी कदम उठाएंगे। सरकारों के जरिए वकीलों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराने का काम करेंगे। उन्होंने वकालत के पेशे को बदनाम करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की भी बात कही है। इसके साथ ही कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों की मतगणना देर शाम तक चलती रही। इस प्रक्रिया पर मुख्य चुनाव अधिकारी जुबेर अहमद अंसारी व सहायक चुनाव अधिकारी अजय श्रीवास्तव, मुरलीधर द्विवेदी, अपर चुनाव अधिकारी शिव शंकर मेहरोत्रा व ओपी निगम सहित अन्य चुनाव अधिकारी विशेष निगरानी बनाए रहे। उन्होंने शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए चुनावकर्मी अधिवक्ताओं व मतदाताओं के प्रति आभार जताया।

# थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी लोगो की फरियाद

**लोक प्रेरणा**
**बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर व दरियाबाद में थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान अधिकारी द्वय ने जनता के विभिन्न प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिकायतों का ब्यौरा रजिस्टर में दर्ज करने, निस्तारण प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी लाने के भी निर्देश दिए। थाना टिकैतनगर में जिलाधिकारी के समक्ष सुरेश चंद्र जायसवाल व इनके विपक्षी महबूब निवासीगण कस्बा इचौली सहन के विवाद के सम्बंध में प्रस्तुत हुए जिस पर उन्होंने सम्बंधित




अधिकारियों के माध्यम से सुलह समझौता करवा के प्रकरण का निस्तारण करवाया।

दरियाबाद में आवेदक बद्रीप्रसाद निवासी भेसौली व रूबी निवासी बीकापुर द्वारा प्रार्थीगण की स्वामित्व की जमीन अवैध कब्जे की लिखित शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की सँयुक्त टीम को मौके पर भेजकर नियमानुसार त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारी द्वय ने निस्तारित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना टिकैतनगर में निस्तारित प्रार्थना पत्र आवेदक श्री छेदीराम निवासी कोठरी गौरिया के प्रकरण में आवेदक से दूरभाष से बात की और फीडबैक लिया इसी प्रकार थाना दरियाबाद में आवेदिका सुषमा देवी के प्रार्थना पत्र में भी फीड बैक लिया गया उभय प्रकरणों में आवेदक जन द्वारा की गई कार्यवाही से सन्तुष्टि व्यक्त की गई।

# 'तिरंगा शौर्य यात्रा' में गूंजेगा गाजियाबाद झ्र भारत माता के जयघोष से गूंजेगा शहर का कोना-कोना

### 25 स्वागत स्थलों पर वीर जवानों और तिरंगा ध्वज के सम्मान में भारत माता के बड़े मार्मिक चित्र से सजे वाहन पर पुष्प वर्षा करके देशभक्ति में रंगेगा गाजियाबाद

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद** । गाजियाबाद एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। देशभक्ति की भावना और भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य को समर्पित "तिरंगाझशौर्य यात्रा" आज दिनांक 10 मई को सायं 5:00 बजे से ठाकुरद्वारा तिराहे से नवयुग मार्केट स्थित शहीद स्थल तक निकाली जाएगी।इस भव्य यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और अद्वितीय पराक्रम को जन-जन तक पहुंचाना है, साथ ही भारत माता और राष्ट्रध्वज 'तिरंगे' के प्रति गर्व और निष्ठा को प्रकट करना है।यात्रा के मुख्य अतिथि प्रदेश के संगठन महामंत्री श्री धर्मपाल सिंह जी होंगे, जो भारत माता के सजीव रूप में



निकाली जा रही इस भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर जनसमूह को संबोधित करेंगे। यात्रा के दौरान 25 संगठन ऑपरेशन सिन्दूर पर प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन और धन्यवाद स्वरूप तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे।
यात्रा का समापन नवयुग मार्केट स्थित शहीद स्थल पर भव्य महाआरती और राष्ट्रगान के साथ होगा, जहां हजारों देशभक्त दीप प्रज्वलित कर भारत माता को नमन करेंगे।यात्रा के दौरान 25 स्वागत स्थल बनाए गए हैं, जहाँ ढोलझ्रनगाड़े, पुष्प वर्षा, तिरंगा लहराते बच्चों की टोली, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ इस यात्रा को एक विशाल जनांदोलन का स्वरूप देंगी। प्रत्येक स्वागत स्थल पर भारत माता का पुष्पों और जयघोषों से भव्य स्वागत किया जाएगा।हजारों की संख्या में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सहभागिता इस यात्रा को एक जनसैलाब में परिवर्तित कर देगी। पूरा शहर ह्लवंदे मातरम्ह्व, ह्लभारत माता की जयह्व और ह्लजय हिंदह्व के नारों से गूंज उठेगा।
आयोजक मयंक गोयल ने भावुक अपील करते हुए कहाः
"यह तिरंगा शौर्य यात्रा उन शहीदों को नमन है, जिनके बलिदान से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। यह यात्रा एक भावनात्मक संकल्प है झ कि तिरंगे की आनझ्रबानझ्रशान के लिए हम सब एक हैं। गाजियाबादवासियों से निवेदन है कि वे पूरे परिवार सहित इस ऐतिहासिक यात्रा में सम्मिलित होकर भारत माता को नमन करें और शौर्य की इस यात्रा को अविस्मरणीय बनाएं।"
यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने हेतु स्थानीय पुलिस प्रशासन, स्वयंसेवकों की टीम, तथा आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह मुस्तैद रहेंगी।

# विला आनंदम सोसाइटी में स्वास्थ्य कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड शिविर- स्वस्थ सुरक्षा की नई पहल

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद।** फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन सोसाइटीज (फ्रेंस) एवं वरदान मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आज विला आनंदम सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना था।
फ्रेंस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता ने कहा, "हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जाए। आज के शिविर में 90 कर्मचारियों को फैमिली हेल्थ कार्ड दिए गए, जिनसे उन्हें वरदान अस्पताल में निःशुल्क परामर्श, जांच और रियायती दरों पर चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी।"



वरिष्ठ सचिव अभिनव त्यागी ने बताया, "वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, 70 वर्ष से अधिक आयु के 15 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इसके साथ ही, वरदान अस्पताल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का भी शुभारंभ किया गया।"फ्रेंस के अध्यक्ष सचिन त्यागी ने कहा, "हमारी यह पहल केवल स्वास्थ्य कार्ड वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि हम चाहते हैं कि हर सोसाइटी में इस प्रकार के शिविर आयोजित हों ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके।"शिविर के दौरान फ्रेंस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता, वरिष्ठ सचिव अभिनव त्यागी, अतुल प्रकाश भटनागर, पंकज गुप्ता, मुकेश त्यागी, मनोज कुमार सिंह एवं वरदान अस्पताल के विक्रांत सिंह और आशु पाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# बृजनन्दन राजू को मिला साहित्य गौरव सम्मान

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** सक्रिय रूप से सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
के कार्यकर्ता बृजनन्दन राजू को साहित्य गौरव सम्मान 2025 प्रदान किया गया। यह सम्मान साहित्यकारों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से वृन्दावन में आयोजित सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह में प्रदान किया गया।

साहित्य परिषद की ओर से प्रतिवर्ष अलग–अलग भाषा व बोलियों पर कार्य करने वाले साहित्यकारों को यह सम्मान प्रदान किया जाता है।



अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर,सह संगठन मंत्री मनोज,साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चन्द्र 'मधुपेश' व अक्षय पात्र आश्रम के महामण्डलेश्वर अनन्त वीर्य महाराज की पावन उपस्थिति में बृजनन्दन राजू को अंग वस्त्रम,श्रीफल,प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र प्रदान किया गया। बृजनन्दन राजू विगत 15 वर्षों से पत्रकारिता में हैं।

**बृजनन्दन राजू ने लिखी है 'जनता सर्वोपरि' पुस्तक**

इनकी योगी सरकार के कार्यों पर आधारित 'जनता सर्वोपरि' और मोदी सरकार के कार्यों पर आधारित 'स्वर्णिम भारत की ओर' पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है। इसके अलावा लघु पुस्तिका समरसता पाथेय का प्रकाशन व कई विशेषांकों का सम्पादन किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर 22 वर्षों से अधिक समय से समाज जागरण में सक्रिय हैं। प्रचार विभाग से लम्बे समय से जुड़े हैं। पत्रकारिता के साथ ही सामाजिक कार्यों एवं सांस्कृतिक उन्नयन के बारे में लिखने में रूचि रखते हैं। वंचित समाज के उत्थान के लिए चलाये जा रहे सेवा प्रकल्पों पर विशेष रिपोर्टिंग की है।

**अवध के सात साहित्यकारों को मिला सम्मान**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डा. पवनपुत्र बादल ने बताया कि वृन्दावन में आयोजित कार्यक्रम में कौरवी भाषा,ब्रज भाषा,हिन्दी खड़ी बोली,अवधी भाषा,बुन्देली भाषा तथा भोजपुरी के साहित्यकारों को सम्मान प्रदान किया गया। लखनऊ से बृजनन्दन राजू के अलावा डा. बलजीत श्रीवास्तव विजय त्रिपाठी को साहित्य गौरव सम्मान प्रदान किया गया है।

इसी तरह अवध प्रान्त में आने वाले प्रोफेसर हरि शंकर मिश्र,डा.उमा शंकर शुक्ल,डा.रश्मि शील और सर्वेश पाण्डेय को साहित्य गौरव सम्मान प्रदान किया गया है।

बृजनन्दन राजू ने कहा कि प्रेम व भक्ति रस से सराबोर ब्रज भूमि वृन्दावन में पूज्य संतों व छः प्रान्तों के मूर्धन्य साहित्यकारों की उपस्थिति में मुझे यह सम्मान दिया गया। इसके लिए साहित्य परिषद का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। भगवान श्रीकृष्ण ने वृन्दावन की भूमि पर ही दिव्य लीलाएं की हैं। वृन्दावन का कण-कण रसमय है। वृन्दावन श्री राधिका रानी जी का निज धाम है। श्री वृन्दावन को सभी धामों से ऊपर और सभी तीर्थों से श्रेष्ठ माना गया है। इस भूमि ने मुझे आत्मबोध कराया है।

## भारत पाक टेंशन : संविदा मजदूर संगठन ने खत्म की भूख हड़ताल, सेना के सम्मान में लिया फैसला

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** तीस प्रतिशत संविदा कर्मचारियों की छंटनी और निजीकरण के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे विद्युत संविदा मजदूर संगठन के प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने सेना के सम्मान में शुक्रवार को भूख हड़ताल को खत्म करने का ऐलान किया। उन्हें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विमल चंद्र पांडे ने जूस पिलाकर अनशन को समाप्त कराया। मजदूर संगठन प्रभारी ने बताया कि सेना के सम्मान के कारण अनशन को खत्म करने का फैसला लिया गया है, लेकिन मध्यांचल प्रबंधन के मनमाने और अड़ियल रुख के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने आगे कहा कि प्रबंधन की ओर से लिये जा रहे छंटनी के फैसले के कारण 4500 से अधिक संविदा कर्मियों और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है, जबकि 2017 में संगठन और प्रबंधन के बीच इस मुद्दे पर सहमति बन चुकी थी। बावजूद इसके वर्तमान एमडी मध्यांचल की ओर से इस समझौते का लागू किए जाने से इंकार कर लगातार कर्मियों की छंटनी की जा रही है, जिसका संगठन विरोध कर रहा है। आज हमने सेना के सम्मान में अनशन को खत्म करने का निर्णय जरूर लिया है, लेकिन कर्मियों की समस्याओं को लेकर हमारा संघर्ष चलता रहेगा।

वहीं भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि संगठन की ओर से मध्यांचल के विभिन्न जनपदों से लेकर उपकेंद्रों और मुख्यालय में चल रहे सत्याग्रह को देशहित में स्थगित करने का ऐलान किया है। इसके साथ ही शनिवार को दक्षिणांचल के विभिन्न जनपदों में होने वाले विरोध सभा को भी स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

## LDA की 165 एकड़ भूमि पर होगा बस स्टैंड का निर्माण

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** राजधानी में रोडवेज बसों की सुविधा और बेहतर देने के लिए परिवहन निगम पांच बस स्टैंड बनाएगा। यह बस स्टैंड शहर के बाहर क्षेत्र में बनेंगे। निर्माण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 165 एकड़ जमीन आरक्षित करके मास्टर प्लान 2031 में शामिल की है। साथ ही परिवहन निगम को इससे अवगत कराया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पिछले माह बोर्ड बैठक में नये बस स्टैंड बनाने के लिए प्रस्ताव रखा था। इसकी स्वीकृति मिलने पर 165 एकड़ जमीन चिह्नित करके आरक्षित कर दी है। प्राधिकरण ने आरक्षित भूमि को 2031 के मास्टर प्लान में भी संशोधित करके शामिल कर दी है। इससे आरक्षित जमीन पर कोई अन्य निर्माण नहीं कर पाएगा।

हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज सेक्टर-ए में पांच एकड़ जमीन पर बस स्टैंड बनाएगा जाएगा। इससे यहां के लोगों का रोडवेज का सफर आसान हो जाएगा। बस पकड़ने के लिए शहर की तरफ या दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। इसी तरह भविष्य में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे समेत अन्य शहर के बाहर स्थानों पर बस स्टैंड बनाए जाएंगे। आरक्षित जमीन किसानों से परिवहन निगम खरीदेगा। इसके दाम 36,250 रुपये प्रति वर्गमीटर रखे गए हैं।

## राजधानी में फिर सताएंगी तपिश भरी धूप और गर्म हवाएं, इन इलाकों में गरजेंगे बादल

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी अपना सख्त मिजाज दिखाने को तैयार है। राजधानी में शनिवार का दिन चढ़ने के साथ धूप में तल्खी और उमस भरी गर्मी महसूस की गई है। तपिश भरी धूप और गर्म हवाएं सताने लगेगीं। मौसम विभाग के अनुसार, 11 मई के बाद मौसम साफ रहने का अनुमान है, हलाकि 10 मई को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में कही कही बारिश और गरज चमक का अंदेशा जताया गया है। इस दौरान बदल गरजने और बिजली चमकाने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को चंदौली, वाराणसी, मऊ, संतरविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और बांदा जिले में बदल गरजने और बिजली चमकने की संभावना जतायी गई है। इसके अलावा चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर में भी गरज चमक हो सकती है।

इस बीच कानपुर, अयोध्या, बरेली, आगरा, इटावा, फिरोजाबाद, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मेरठ, झांसी, सोनभद्र, अलीगढ़ में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हुई। इटावा और आगरा में हवाओं की गति 60 किमी प्रति घंटे से भी ज्यादा रिकॉर्ड की गई।

## सपा नेता की फेसबुक आईडी से गैंगरेप का वीडियो वायरल, इंटौजा थाने में प्राथमिकी दर्ज

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** सपा नेता बिलाल अंसारी की फेसबुक आईडी से एक युवती के सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो देखकर हिंदू युवा वाहिनी के नेता ने इटौंजा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर मार्कंडेय यादव ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि महोना के चंदनापुर निवासी अधिवक्ता विमल सिंह परमार हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व प्रभारी हैं। उन्होंने बताया कि 01 मई को वह अपने कार्यालय में बैठकर मोबाइल देख रहे थे। इस दौरान साथी आलोक सिंह और विजय कुमार सिंह भी बैठे थे। इसी बीच मोबाइल पर देखा कि अमानीगंज निवासी बिलाल अंसारी की फेसबुक आईडी से एक युवती के सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो वायरल किया गया। बिलाल अंसारी बीकेटी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के सचिव हैं।

वीडियो में कई लड़के, युवती से दुष्कर्म कर रहे हैं। विरोध पर उसे पीट रहे हैं। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी युवती को दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो वायरल होने से महिलाओं की लज्जा भंग होती है। बिलाल ने यह वीडियो वायरल करके गलत काम किया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि फेसबुक आईडी से वायरल वीडियो के स्क्रीन शॉट के आधार पर बिलाल अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## भीषण सड़क हादसा! दो बाइक में भिड़ंत, दो युवकों की मौत, तीन घायल

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में दो की मौत और तीन के घायल होने की जानकारी है। बताया जा रहा है कि लखनऊ में इटौंजा के महोना में शुक्रवार देर रात दो बाइक में आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में अलग-अलग बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। सभी के परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार लखनऊ में इटौंजा के किशुनपुर निवासी 20 वर्षीय महेंद्र अपने मौसेरे भाई के साथ शुक्रवार रात में बाइक से परिचित की शादी में शामिल होने जा रहा था। रात 11 बजे वह इटौंजा किशुनपुर मार्ग पर कच्ची मजार के पास पहुंचा ही था तभी उनकी बाइक की टक्कर सामने से आ रहे कटवारा निवासी 23 वर्षीय मोहित की बाइक से हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। भीषण टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर आस-पास के लोग पहुंचे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचने मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने पांचों घायलों को सौ शैया अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद महेंद्र और मोहित को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अकबरपुर निवासी आर्यन, किशुनपुर के हरिओम व एक अन्य साथी की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद परिजनों को जानकारी दी गई है। मृतकों के पोस्टमार्टम करवाए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। वहीं, घायलों का इलाज जारी है। उनकी हालत में सुधार होने के बाद उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। साथ ही पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## AI तकनीक ने सर्जरी को बनाया आसान, PGI में मरीजों की सफल एंजियोप्लास्टी

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** अब दिल के मरीजों को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में अत्याधुनिक इलाज मिलेगा। कार्डियोलॉजी विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस इंट्रावैस्कुलर ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (ओसीटी) मशीन स्थापित हुई है। इस तकनीक के माध्यम से हार्ट ब्लॉकेज की सटीक जानकारी हो जाती है। विशेषज्ञों का दावा है कि ऐसे में हार्ट के ब्लॉकेज को दूर करने के लिए की जाने वाली एंजियोप्लास्टी और बेहतर हो पायेगी।

कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. आदित्य कपूर ने बताया कि पहले भी इस तकनीक का प्रयोग होता था, लेकिन तब मैनुअल किया जाता था। अब एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, ऐसे में ओसीटी उच्च रिजॉल्यूशन वाली छवियां उत्पन्न करती है। यही नहीं यह मशीन थ्री-डी तस्वीरों के साथ-साथ एंजियोग्राफी और ओसीटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स एक साथ देती है।

इस तकनीक का इस्तेमाल करने पर जैसे ही एक पतली लंबी ट्यूब (कैथेटर) धमनी में डाला जाता है तो वह डालते ही ब्लॉकेज, कैल्सीफिकेशन (चिकनाई जमना), रक्त वाहिका का आकार और स्टेंट की स्थिति की सटीक जानकारी मिल जाती है। ऐसे में इलाज की गुणवत्ता बढ़ जाती है, साथ ही मरीजों को जल्दी लाभ मिलता है।

**10 मरीजों की सफल एंजियोप्लास्टी**

कार्डियोलॉजी के प्रमुख प्रो. आदित्य कपूर, प्रो. सत्येन्द्र तिवारी, प्रो. रूपाली खन्ना, प्रो. नवीन गर्ग और डॉ. अंकित साहू ने इस अत्याधुनिक तकनीक की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि संस्थान में नई प्रणाली से 10 मरीजों की एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की जा चुकी है।

विशेषज्ञों ने बताया कि इस तकनीक के इस्तेमाल से डॉक्टर दिल की रक्त वाहिकाओं की अंदरूनी स्थिति को बेहद साफ और गहराई से देख सकते हैं। साथ ही एंजियोप्लास्टी में अब स्टेंट का चुनाव भी पहले से ज्यादा सटीक होगा, जिससे मरीजों को काफी ज्यादा लाभ मिलेगा और सफलता दर भी बढ़ेगी। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने कार्डियोलॉजी विभाग की टीम को बधाई दी और इसे मरीजों की बेहतर देखभाल की दिशा में उठाई गई एक अच्छी पहल बताया।

## मैसेज मिलते ही क्षण भर में बंद कर दी जाएगी बिजली

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** शहर में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बिजली विभाग ने भी कमर कस लिया है। जरूरत पड़ने पर निर्देश मिलते ही क्षण भर में उपभोक्ताओं की बिजली बंद कर दी जाएगी। इसके लिए सभी उपकेंद्र के ऑपरेटरों का एक अलग व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया जाएगा, जो एक मैसेज मिलते ही उपकेंद्र से आपूर्ति बंद कर देंगे। बिजली प्रबंधन ने इमरजेंसी में ब्लैकआउट ऑपरेशन को लेकर मुख्य अभियंताओं की बैठक की है। बैठक के दौरान आपातकाल में 33 केवी उपकेंद्र से सीधे उपभोक्ताओं की बिजली बंद की योजना बनाई गई। इसके तहत उपकेंद्र ऑपरेटरों का एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्देश है कि सभी व्हाट्सऐप ग्रुप सर्किलवार बनाए जाएंगे। आपातकाल को लेकर जो भी एडवाइजरी जारी की जाएगी या उच्चाधिकारियों की ओर से जो भी निर्देश दिए जाएंगे, उसे इस ग्रुप पर तत्काल साझा किया जाएग। शहर में ब्लैकआउट की स्थिति बनने पर इसी ग्रुप पर मैसेज भेजा जाए और साथ ही व्यक्तिगत तौर पर भी उपकेंद्र ऑपरेटरों को सूचित किया जाए, ताकि मैसेज या संदेश मिलते ही बिना किसी देरी के बिजली बंद की जा सके। उपभोक्ताओं से भी अपील की जाएगी कि वह सायरन बजने पर स्वतः ही लाइट बंद कर लें, इनवर्टन का भी प्रयोग न करें। एक अफसर ने बताया कि 132 व 220 केवी उपकेंद्र से सीधे बिजली बंद करने की अनुमति स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से लेनी पड़ेगी, जो कठिन है। इसलिए 33 केवी उपकेंद्र स्तर पर यह नीति बनाई जा रही है।

## ज्यदा से ज्यादा टीबी रोगियों का पंजीकरण करें: प्रमुख सचिव

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश में 100 दिवसीय विशेष सघन टीबी अभियान आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उच्च जोखिम वाले मरीजों की टीबी के साथ अन्य दूसरे पहलुओं की जांच व इलाज मुहैया कराएं। शुक्रवार को एक होटल में जिला क्षय रोग अधिकारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय समीक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख सचिव ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों को खोजने पर ध्यान दें। एमडीआर टीबी के हर मरीज के लिए बीपाल रेजिमेंन सुनिश्चित कराएं। महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. रतनपाल सिंह सुमन ने कहा कि टीबी के उच्च जोखिम वाले मरीजों का विशेष ख्याल रखे और सभी को समुचित इलाज उपलब्ध कराएं।

इस मौके पर राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने निःक्षय पोर्टल की जानकारी साझा की।

## पुलिसवालों की छुट्टियां रद्द, नेपाल सीमा पर बंद कराए गए 150 मदरसे

**लोक प्रेरणा**

भारत-पाक संघर्ष के अलर्ट के चलते पुलिस कमिश्नरेट के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। पुलिस कर्मियों को अब विषम परिस्थितियों में ही अवकाश दिया जाएगा। शुक्रवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध अमित वर्मा ने यह आदेश जारी किया। वहीं पहले से अवकाश पर गए पुलिस कर्मियों को भी बुलाने के आदेश दिए गए हैं। उनके भी अवकाश रद्द किए गए हैं। थाने, पुलिस लाइन तथा कमिश्नरेट के अन्य पुलिस दफ्तरों में अधिकारी अवकाश पर गए पुलिस कर्मियों को वापस लौटने के लिए सूचना दे रहे हैं।

उधर, भारत-नेपाल से सटे जिलों में 150 से अधिक अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कई मदरसे अवैध मिले जिन्हें ढहा दिया गया जबकि कई मदरसों से अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में 205 अतिक्रमण हटवाये गए।

# ब्लड बैंक ने भारतीय सेना के साथ एकजुटता दिखाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**लोक प्रेरणा**

**फगवाड़ा।** पंजाब सरकार के आदेशों का पालन करते हुए डिप्टी कमिश्नर कपूरथला कम प्रधान जिला रेड क्रॉस सोसायटी अमित कुमार पंचाल के दिशा-निदेर्शों के अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच सीमाओं पर तनाव के मद्देनजर ब्लड बैंक गुरु हरगोबिंद नगर फगवाड़ा में ब्लड बैंक का आयोजन प्रधान मलकीयत सिंह रघबोत्रा की देखरेख में किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कपूरथला के सचिव रेशम चंद बिरहा ने किया। अपने उद्घाटनी संबोधन में उन्होंने कहा कि पंजाब के माननीय राज्यपाल ने युवाओं से रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के साथ एकजुटता दिखाने के लिए अधिक से अधिक रक्तदान करने का आह्वान किया था। उन्होंने बताया कि इस शिविर के दौरान जिला रेडक्रॉस, ब्लड बैंक व लायंस क्लब फगवाड़ा रॉयल के सहयोग से 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वाले युवाओं ने उत्साहपूर्वक कहा कि वे भारतीय सेना और देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने को तैयार हैं। इस अवसर पर लायन विकास कोछड़, कपिल देव शर्मा, मनप्रीत सिंह, हरबंस लाल, गुरमीत पलाही, ब्लड बैंक स्टाफ कृष्ण कुमार, मोहन लाल तनेजा, तारा चंद चुंबर, कुलदीप दुग्गल, सीमा राणा, विपिन खुराना, दीपा सैनी, जसविंदर सिंह प्रधान गुरुद्वारा प्रेम नगर आदि उपस्थित थे।



# शाहजहांपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सामुदायिक भवन का भव्य लोकार्पण

**लोक प्रेरणा**

**शाहजहांपुर।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं सहकारिता जेपीएस राठौर ने छावनी परिषद शाहजहांपुर के शहीद संग्रहालय परिसर में सांसद एवं विधायक निधि से सहायता प्राप्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जानकारी दी कि यह प्रदेश का पहला सामुदायिक भवन है, जो सांसद एवं विधायक निधि के सहयोग से रू० 280 लाख की लागत में भव्य रूप से निर्मित हुआ है। इस भवन में 4 सुसज्जित सूट, 1 गेस्ट रूम, 1 किचन, 1 डायनिंग हॉल तथा 80 लोगों की क्षमता वाला एक विशाल मीटिंग हॉल भी शामिल है। इसमें सांसदों द्वारा सांसद निधि से 35-35 लाख तथा विधायकों द्वारा विधायक निधि से 25-25 लाख का योगदान दिया गया। इसके अतिरिक्त आईटीसी द्वारा भवन में सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना भी कराई गई।



उन्होंने बताया कि यह भवन छावनी परिषद की भूमि पर निर्मित हुआ है, जिसमें छावनी परिषद द्वारा फर्नीचर भी उपलब्ध कराया गया है। कैंट क्षेत्र में होने के कारण यहां शांतिपूर्ण वातावरण भी उपलब्ध है, जो इसकी विशेषता को और बढ़ाता है।

अपने संबोधन में वित्त मंत्री खन्ना ने नगर क्षेत्र के विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे पूर्व नगर में तीन अन्य सामुदायिक भवन भी बनाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 22.82 करोड़ की लागत से एक सर्किट हाउस एवं ककरा में नगर निगम कार्यालय के सामने गेस्ट हाउस का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अनेक अन्य विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।

इस अवसर पर सांसद अरुण कुमार सागर, सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, एमएलसी डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, जयपाल सिंह व्यस्त, विधायक ददरौल अरविन्द कुमार सिंह, विधायक कटरा वीर विक्रम सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, अध्यक्ष छावनी परिषद ब्रिगेडियर अभिनंदन सिंह, मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद राहुल यादव, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## चोरी की वारदातों से बनाई 85 लाख की सम्पत्ति

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** अलीगंज पुलिस ने चोरी की करीब एक दर्जन घटनाओं को अंजाम देने वाले सरगना और उसके साथी की 85 लाख की सम्पत्ति चिह्नित की है। जिसे कुर्क करने के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे के मुताबिक कानपुर नवाबगंज निवासी शुभम सोनकर परिवार संग फैजुल्लागंज में रहता है। वर्ष 2023 में शुभम ने 11 युवकों के साथ मिल कर गैंग तैयार किया। मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। जिसमें गिरफ्तार कर आरोपित को जेल भेजा गया था। वहीं, अलीगंज कोतवाली में शुभम सोनकर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था।

एडीसीपी ने बताया कि शुभम के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसकी सम्पत्ति चिह्नित की गई। पता चला कि शुभम ने चोरी की वारदात से करीब दस लाख रुपये का प्लॉट खरीदा था। वहीं, शुभम के साथी मो. हारुन ने करीब 35 लाख की संपत्ति अपराध की घटनाओं से अर्जित की है। एडीसीपी ने बताया कि अभी अन्य सम्पत्तियों की भी जांच की जा रही है। जिसके बाद कुर्की की कार्रवाई होगी।

# निलंबित IAS अभिषेक प्रकाश की भटगांव केस में बढ़ेंगी और मुश्किलें, राजस्व विभाग तैयार कर रहा आरोपपत्र

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।** निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। राजस्व विभाग भटगांव भूमि घोटाले को लेकर विस्तृत आरोप पत्र तैयार कर रहा है। इसमें मीडिया में आई खबरों पर भी उनसे जवाब मांगा जा सकता है। राजस्व विभाग की ओर से तैयार आरोपपत्र का नियुक्त विभाग अध्ययन करेगा। उसके बाद ही इसे उन्हें दिया जाएगा। यह घोटाला डिफेंस कॉरीडोर परियोजना के लिए जमीन की खरीद-फरोख्त में किया गया। पिछले साल राजस्व परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष डा रजनीश दुबे की अध्यक्षता में गठित समिति ने इस मामले में अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट दी।




इसमें कहा गया है कि 28 जनवरी 1985 की पट्टा आवंटन की फाइल फर्जी है। इस पत्रावली में 90 व्यक्तियों के नाम पट्टे दर्ज दिखाए गए हैं। कथित आवंटन के 35-36 वर्ष बाद राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से अधिनियम एवं नियमों में दी गई प्रक्रिया का पालन न कर पहले असंक्रमणीय भूमिधर के रूप में खतौनी में नाम दर्ज किए गए। असंक्रमणीय से संक्रमणीय भूमिधर दर्ज कर दिया गया। कुछ अनुसूचित जाति के पट्टेदारों की भूमि गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को बेचने की अनुमति नियम विरुद्ध ढंग से तथ्यों को छिपाकर प्राप्त कर ली गई। साजिश के तहत ग्राम समाज की भूमि का मुआवजा प्राप्त किया गया।

राजस्व विभाग ने अपने आरोपपत्र में इन सभी बिंदुओं को प्रमुखता से शामिल किया है। खास बात यह है कि किसी भी आईएएस अधिकारी को आरोपपत्र नियुक्ति विभाग देता है, लेकिन इसे तैयार राजस्व विभाग से करवाया जा रहा है, ताकि, कोई महत्वपूर्ण बिंदु नहीं छूटे। यहां तक कि आरोपपत्र तैयार करने में मीडिया में छपी खबरों का भी संज्ञान लेने के लिए कहा गया है। इस मामले में लखनऊ के तत्कालीन जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश समेत कई एसडीएम और तहसीलदार भी जिम्मेदार ठहराए गए हैं।

